इंडो फ्रेंच एलबम पर इरा की आर्ट

मेट्रो रिपोर्टर. जयपुर। शहर की युवा कलाकार इरा टाक की कला फेसबुक पर सुर्खियां बटोरने के बाद फ्रांस में भी छा जाने को बेताब है। हाल ही इरा की एक कृति को इंडो-फ्रेंच सिंगर रश्मिकांत ने अपने नए एलबम का कवर बनाने की पहल की है। इसके जरिए न सिर्फ इरा की कला फ्रांस में म्यूजिकल आउटलेट्स पर नजर आएगी, बल्कि इंडिया में भी प्रमुख स्टोर्स पर दिखाई देने की संभावना है। 'लॉर्ड गणेशा' टाइटल से बनी इरा की एक कृति को फेसबुक पर जबरदस्त रेस्पॉन्स मिला है और फ्रैन्स के इसी रुझान के चलते उनकी कृतियों को ऑनलाइन खरीदने के ऑफर भी दिए गए। पेरिस के सिंगर रश्मिकांत ने इस पेंटिंग को उनके अपकमिंग म्यूजिकल एलबाम 'फील्स द आई हिमालया' के कवर पेज पर लगाने का मानस बनाया है।

इंडिया में होगा रिलीज

रश्मिकांत की मानें तो एलबम इंडिया में भी रिलीज होगा, जिसका फ्रेंच से हिन्दी अनुवाद का जिम्मा इरा को ही सौंपा गया है। इसके साथ ही इरा की एक अन्य कृति 'हन्ट और डाय' भी रश्मिकांत के अगले एलबम का म्यूजिक कवर बनेगी। युवा चित्रकार ने बताया कि एक्रेलिक में बनी लॉर्ड गणेशा टाइटल की कृति में भगवान श्रीगणेश की खूबसूरती को कैनवास पर उकेरा गया है, जिसे कलाप्रेमी पसंद कर रहे हैं।



फ्रेंच म्यूजिक एलबम में जयपुर का चित्र

जयपुर। इस समय फेसबुक का चलन सबसे ज्यादा बढ़ गया है, इससे न केवल जानकारी मिल रही है, बल्कि लोग सुर्खियां भी बटोर रहे हैं, फेसबुक पर अपनी पेंटिंग्स से सभी का दिल जीतने वाली जयपुर की युवा कलाकार इरा टाक फिर से चर्चाओं में आ गई हैं। ईरा टाक की हाल ही में एक कृति को इंडो-फ्रेंच सिंगर रश्मिकांत ने अपने नए एलबम कवर बनाने की पहल की है। इसके जरिए इरा की कला फ्रांस में म्यूजिक आउटलेट्स पर नजर आएगी, साथ ही इंडिया में भी प्रमुख स्टोर्स पर दिखाई देगी। लॉर्ड गणेशा टाइटल से बनी इरा की कृति को फेसबुक पर जबरदस्त रेस्पॉन्स मिला है और फैन्स के इसी रूझान के चलते उनकी कृतियों को ऑनलाइन खरीदने के प्रयास भी शुरु हो गए हैं।

फील्स द आई हिमालय

पेरिस के सिंगर रश्मिकांत ने इस पेंटिंग को उनके अपकमिंग म्यूजिक एलबम फील्स द आई हिमालया के कवर पेज लगाने का मानस बनाया है इसके लिए सिंगर ने कई डिजाइन भी तैयार करवा लिए है। सिंगर रश्मिकांत की माने तो एलबम इंडिया में भी रिलीज होगा, जिसका फ्रेंच से हिन्दी अनुवाद का जिम्मा इरा को ही दिया गया है। इसके साथ ही इरा की अन्य कृति हन्ट और डाय भी रश्मीकांत के अगले एलबम का म्यूजिक कवर बनेगी। युवा चित्रकार इरा ने बताया कि एक्रेलिक में बनी लॉर्ड गणेशा टाइटल की पेंटिंग में भगवान श्रीगणेश की खूबसूरती को कैनवास पर दिखाया है, जिसे कलाप्रेमी काफी पंसद कर रहे हैं।

जेकेके में लगा चुकी है प्रदर्शनी

जयपुर की युवा कलाकार जवाहर कला केन्द्र में पिछले दिनों प्रदर्शनी भी लगा चुकी है। जिसमें इन पेंटिंग्स को प्रदर्शित भी किया था। कलाकार ने बताया कि इन पेंटिंग्स को जयपुर के कलाकारों ने भी सराहा है और जयपुर के कलाप्रेमियों ने भी। इसके साथ ही फेसबुक पर भी इन्हें काफी पसंद किया जा रहा है। कलाकार ने बताया कि फेसबुक पर उन्हें पेंटिंग्स में सफलता मिली है। गौरतलब है कि फेसबुक के जरिए कला जगत में पहचान बनाने वाली कलाकार सिर्फ इरा टाक ही है।